HSBC Mutual Fund

iosco WORLD INVESTOR WEEK 2025
सतर्क रहें। सुरक्षित रहें।

# अपने डिवाइस में छिपे धोखाधड़ी के जाल से सावधान रहें।






## 'जल्दी अमीर बनें' वाली योजनाएँ

अत्यधिक लाभ और कम जोखिम का वादा करने वाली योजनाओं से सतर्क रहें, खासकर अगर स्रोत विश्वसनीय नहीं है। कोई भी निवेश करने से पहले हमेशा किसी वित्तीय सलाहकार से सलाह लें।



## 'जान-पहचान बढ़ाने के बहाने' वाली धोखाधड़ी

आपको किसी ऐसे धोखेबाज़ से ईमेल/टेक्स्ट/वॉट्सऐप मैसेज मिल सकता है, जो आपसे रिश्ता बनाने में रूचि दिखा सकता है। कभी भी व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा न करें, चाहे वे कितने भी भरोसेमंद दिखे।



## 'क्लिक-बेट' के झांसे में न फंसें

हमारी डिजिटल दुनिया में धोखाधड़ी करने वालों के लिए आपके पास लिंक भेजना आसान हो गया है। इनमें मलिशियस कोड/वायरस हो सकते हैं या आपको नुकसान पहुँचाने वाले ऐप्स डाउनलोड करने के लिए उकसा सकते हैं। किसी भी कीमत पर इनसे बचें!



## इन्फ्लुएंसर से सतर्क रहें

धोखेबाज़ अक्सर आपको फँसाने के लिए मशहूर हस्तियों और लोकप्रिय इन्फ्लुएंसर के नाम का सहारा लेते हैं। सिर्फ़ पंजीकृत और भरोसेमंद प्लेटफ़ॉर्म/ऐप्स का ही चयन करें और सत्यापित स्रोतों से ही डाउनलोड करें।




## अचानक आए ऑफ़र पर भरोसा न करें

धोखाधड़ी कभी-कभी 'लिमिटेड-टाइम ऑफ़र' के रूप में छिपी हो सकती है। कभी भी जल्दबाजी में निर्णय/फैसला न लें और न ही किसी दबाव में आकर निवेश करें। किसी भी निवेश से पहले वित्तीय सलाहकार से परामर्श करें।



## एआई से जुड़ी निवेश योजनाओं से सावधान रहें

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आजकल चर्चा में है, लेकिन यह आपके वित्तीय सलाहकार का विकल्प नहीं बन सकता है। इसके सुझाव आपके जोखिम उठाने क्षमता और लम्बी अवधि के लक्ष्यों को पूरी तरह ध्यान में नहीं रख सकते।

**एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड द्वारा निवेशकों को शिक्षित और जागरूक करने की पहल**

https://grp.hsbc/KYC पर विज़िट करें एक बार किए जाने वाला ग्राहक पहचान (केवाईसी) प्रक्रिया और शिकायत निवारण प्रक्रिया, जिसमें सेबी स्कोर्स (https://scores.sebi.gov.in/scores-home) शामिल है। निवेशकों को केवल पंजीकृत म्यूचुअल फ़ंड के साथ ही लेन-देन करना चाहिए, जिन्हें सेबी की वेबसाइट पर मध्यवर्ती संस्थाएँ/बाजार अवसंरचना संस्थान (https://www.sebi.gov.in/intermediaries.html) के अंतर्गत सत्यापित किया जाना चाहिए। निवेशक एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड की वेबसाइट पर 'निवेशक शिक्षा' अनुभाग में जाकर एचएसबीसी म्यूचुअल फ़ंड द्वारा संचालित सभी 'निवेशक शिक्षा एवं जागरूकता पहलों' के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।


यह दस्तावेज़ केवल भारतीय क्षेत्राधिकार में वितरण के लिए है और भारत के बाहर या एनआरआई के लिए नहीं है। अगर भारत के बाहर किसी के द्वारा इस जानकारी का उपयोग किया जाता है तो एचएसबीसी एमएफ किसी भी उल्लंघन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। ज़्यादा जानकारी के लिए, वेबसाइट देखें।

**म्यूचुअल फ़ंड निवेश बाजार जोखिमों के अधीन हैं, योजना से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को ध्यान से पढ़ें।**

CL 3292

हमें फॉलो करें